प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 10.01.2025

मुख्य समाचारः—

- केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान ''मोर मकान—मोर अधिकार'' के साथ ही किसान मेला में शामिल हुए।
- रायपुर में आज से शुरू हुआ इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन—मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।
- बीजापुर जिले में तेरह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण।
- मुंगेली जिले के सरगांव इलाके के स्मैलटर प्लांट में कल हुई दुर्घटना के बाद बीते चौबीस घंटे से जारी राहत और बचाव कार्य।

केन्द्रीय कृषि मंत्री—दुर्ग

केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दुर्ग जिले के नगपुरा में आयोजित ''मोर मकान—मोर अधिकार'' कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री आवास के तहत आठ लाख से अधिक मकान दिए गए और इस वित्तीय वर्ष में तीन लाख से अधिक मकान दिए जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास की पात्रता के लिए केन्द्र सरकार ने लोगों के हित में तीन महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव गरीबी से मुक्त बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कृषि योजनाओं के लिए राज्य को एक सौ बयासी करोड़ रूपए से अधिक दिए गए हैं। आज उन्होंने दो सौ तीन करोड़ रूपए और देने की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे।
इससे पहले, केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने नगपुरा स्थित प्रसिद्ध जैन मंदिर में पूजा—अर्चना की।

इंडियन वाटर—अधिवेशन

इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन का संतावनवां वार्षिक अधिवेशन आज से रायपुर में शुरू हो गया है। इस अधिवेशन में देशभर के चार सौ से अधिक जल विशेषज्ञ और अनुभवी इंजीनियर्स शामिल हो रहे हैं।

अधिवेशन का उद्घाटन आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। जल प्रबंधन समय की मांग है। हमें आने वाली पीढ़ियों के बेहतर जीवन के लिए जल के प्रबंधन और संरक्षण के साथ ही जल स्रोतों के संवर्धन पर विशेष ध्यान देना होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि इस अधिवेशन के दौरान देशभर से आए इंजीनियर्स और विषय विशेषज्ञ जल संरक्षण पर गहन विचार विमर्श करेंगे और इसके लिए रणनीति तैयार करने में योगदान देंगे।

तीन दिवसीय यह अधिवेशन बारह जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस बार अधिवेशन की थीम ''जल—तीन सौ साठ डिग्री'' रखी गई है। अधिवेशन के दौरान अपशिष्ट जल के उपचार और जल प्रबंधन में नवीन तकनीक को शामिल करने पर विशेष रूप से विचार—विमर्श किया जाएगा।

मुख्यमंत्री–ऑल इंडिया स्टील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव टू प्वाइंट–ओ का शुभारंभ किया। इस कॉनक्लेव में सत्रह राज्यों के पन्द्रह सौ से अधिक प्रतिनिधि स्टील उद्योग की चुनौतियों और नये अवसरों पर मंथन करेंगे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष दो हजार तीस तक तीन सौ मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को पाने में छत्तीसगढ़ की सबसे अहम भूमिका होगी।

कुंभवाणी चैनल

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया। आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल आज से छब्बीस फरवरी तक प्रतिदिन सुबह पांच बजकर पचपन मिनट से रात्रि के दस बजकर पांच मिनट तक महाकुंभ की हर गतिविधि पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है। यह कार्यक्रम एक सौ तीन दशमलव पांच मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी पर उपलब्ध रहेंगे।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल ग्यारह जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

भाजपा प्रवक्ता–पत्रकारवार्ता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संविधान गौरव अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी गुरूप्रकाश पासवान ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के लिए संविधान सत्ता का साधन नहीं, बल्कि आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है। उन्होंने बताया कि इस बात को लोगों तक पहुंचाने के लिए पार्टी द्वारा छब्बीस जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न बस्तियों में संपर्क करके भाजपा सरकार के काम के साथ ही बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और विचारों पर विमर्श किया जाएगा।

माओवादी–आत्ससमर्पण

बीजापुर जिले में तेरह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने जिला मुख्यालय में पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। बीजापुर के एएसपी चन्द्रकांत गोवरना ने बताया कि इन माओवादियों पर कुल तेरह लाख रूपए का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

इधर, कोंडागांव जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक लाख रूपए के इनामी माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। यह माओवादी आमदई एरिया कमेटी अन्तर्गत एलओएस सदस्य के पद पर कार्यरत् था।

वहीं, सुकमा जिले के पालीगुड़ा–गुंडराजगुडेम में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए तीनों माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं और इनकी शिनाख्त भी हो गई है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की पहचान जगरगुण्ड़ा में हुई घटनाओं के मास्टर माइंड कोरसा महेश, माडवी नवीन एसीएम पश्चिम बस्तर और अलवम भीमा एसीएम जोनागुड़ा के रूप में हुई है। इन माओवादियों पर अट्ठारह लाख रूपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटनास्थल से दो बीजीएल लांचर, एक बारह बोर की रायफल और तीन टिफिन बम सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है।

मुंगेली–फैक्ट्री हादसा

मुंगेली जिले के सरगांव में क्षेत्र में स्थित स्मैलटर प्लांट में कल सैलो यानि भंडारण टैंक गिरने के मामले में पुलिस ने प्लांट के ऑपरेशन मैनेजर, प्रबंधक और इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना के बाद से मौके पर लगातार राहत कार्य चलाया जा रहा है। जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार इस अभियान पर नजर रखे हुए हैं। गिरे हुए भंडारण टैंक को काटकर राख को निकालने का कार्य जारी है। आशंका है कि इस मलबे में कुछ मजदूर दबे हो सकते हैं। इस हादसे में अब तक एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है।

संक्षिप्त समाचार और अब कुछ समाचार संक्षेप में.....

- आज विश्व हिंदी दिवस है। हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष दो हजार छह में पहला विश्व हिंदी दिवस सम्मेलन नागपुर में आयोजित हुआ था।

- आरईसी लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पताल के लिए स्वास्थ्य उपकरणों की खरीद के लिए दो करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

- सूरजपुर जिले में जमीन विवाद में हुई हिंसक झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को हिरासत में लिया है। यह घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खड़गवां के जगन्नाथपुर इलाके की है।

- एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मुंगेली में एक प्राचार्य और क्लर्क को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। वहीं, जशपुर में भी दूसरी कार्रवाई करते हुए एसीबी की टीम ने एक बीईओ, शिक्षक और क्लर्क को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।
- रायपुर पुलिस ने मोमिनपारा इलाके के एक घर से दो सौ छब्बीस किलो से अधिक गौ–मांस बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।